**Hindustan Hindi (24.04.2016)**

प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति के लिए हरियाणा शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों को भेजा, सब ठीक रहा तो अगले सत्र से इसकी शुरुआत होगी

# इंजीनियरिंग के छात्रों को पढ़ाया जाएगा नैतिकता, योग और गीता का पाठ

## प्रस्ताव

फरीदाबाद | अवध किशोर श्रीवास्तव

इंजीनियरों के छात्रों को अब योग, गीता, नैतिकता, विवेकानंद के विचार व राष्ट्रीय एकता का पाठ भी पढ़ना पड़ना सकता है। वाईएमसीए यूनिवर्सिटी की ओर से इसका प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति के लिए हरियाणा शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों को भेज दिया है।

सब-कुछ ठीक रहा तो अगले सत्र में इसे शुरू कर दिया जाएगा। इंजीनियरिंग के साथ विद्यार्थियों को संबंधित विषयों की परीक्षा भी पास करनी होगी। हालांकि इसके नंबर परीक्षा परिणाम में नहीं जुड़ेंगे।

दरअसल, इंजीनियरिंग की पढ़ाई के साथ विद्यार्थियों का तनाव दूर करने के लिए योग और नैतिकता पाठ पढ़ाने की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं, ताकि प्रोफेशनल पढ़ाई के साथ विद्यार्थी व्यावहारिकता में निपुण हो सकें। इसके लिए वाईएमसीए के उप कुलपति ने प्रस्ताव तैयार कर लिया है। इसके तहत प्रत्येक छात्रों को इंजीनियरिंग की पढ़ाई के साथ योग, गीता, नैतिकता और विवेकानंद विचार को चुनना होगा। इसके लिए उन्हें रेगुलर पढ़ाई भी करनी होगी। छात्रों द्वारा चुने गए विषय की परीक्षा प्रत्येक वर्ष होगी। इसमें पास होना जरूरी होगा। अगर कोई छात्र इस परीक्षा में फेल हो जाएगा तो उसे दोबारा उस विषय की परीक्षा देनी होगी। जब तक वह परीक्षा में पास नहीं कर जाता है, उसको परीक्षा के दौर से गुजरना होगा। यूनिवर्सिटी के एक वरिष्ठ प्रोफेसर का कहना है कि इसका नंबर परीक्षा परिणाम ने नहीं जुड़ेगा, लेकिन उसमें पास होना जरूरी होगा।

**पैकेज के तहत आने वाला योग :** कपालभारती, अनुलोम विलोम, ओम का उच्चारण, ब्राह्मणी और आंख की बीमारियों को दूर करने के लिए योग कराया जाएगा

### यहां होती है पढ़ाई

- मैकेनिकल इंजीरियरिंग
- कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
- इलेक्ट्रनिक कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग
- इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
- इनफार्मेशन टेक्नालॉजी
- इलेक्ट्रिकल एंड इंस्ट्रीम्यूनेशनल इंजीनियरिंग
- कुल छात्रों की संख्या करीब एक हजार

योग, गीता सहित कई अन्य विषय को भी अगले सत्र में शामिल किया जा सकता है। इसका प्रस्ताव तैयार कर कुछ दिन पहले उच्च अधिकारियों के पास भेज दिया गया है। स्वीकृति मिलने के बाद अगले सत्र में इसे शामिल कर दिया जाएगा।

-डॉ. प्रदीप, योग व एनएसएस के इंचार्ज

**समझेंगे संस्कृति**

वाईएमसीए विश्वविद्यालय से पढ़कर निकलने वाले इंजीनियर विदेशों में अधिक काम कर रहे हैं। यहां की संस्कृति और नैतिकता को बनाए रखने के लिए पढ़ाई कराने का निर्णय लिया गया है। इससे वह भारत की पहचान को बनाए रख सकेंगे।

### योग शामिल करना उद्देश्य

इंजीनियरिंग में दाखिला लेने वाले छात्रों को पढ़ाई के दौरान तनाव मुक्त रहने के लिए योग सिखाया जाएगा। इसके लिए एक योग गुरू को भी तैनात कर लिया गया है। इसके साथ ही व्यायाम, खेल और अन्य गतिविधियों में भाग लेना अनिवार्य कर दिया गया है, जिससे की छात्र पढ़ाई के दौरान तनाव मुक्त रह सके। कॉलेज के एक वरिष्ठ प्रोफेसर का कहना है प्रतियोगिता के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों से छात्र-छात्राएं दाखिला लेती हैं। इनमें से कुछ छात्रों को पढ़ाई के दौरान भाषा और कई अन्य दिक्कतें आती हैं। छात्र-छात्राएं तनाव में रहती हैं।

**Amar Ujala (24.04.2016)**

# अमन और कृष्णा बने खेल उत्सव में सर्वश्रेष्ठ एथलीट

अमर उजाला ब्यूरो

फरीदाबाद। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव शनिवार को संपन्न हो गया। उत्सव के अंतर्गत क्रिकेट, बैडमिंटन और एथलेटिक्स के मुकाबले आयोजित किए गए। प्रतियोगिता में लड़कों के वर्ग में अमन तथा लड़कियों के वर्ग में कृष्णा को सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुना गया।



वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वार्षिक खेल उत्सव में विजयी टीम। अमर उजाला

दो दिवसीय प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण टीचिंग व नॉन टीचिंग कर्मचारियों के बीच क्रिकेट मैच रहा। दस-दस ओवरों के मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए टीचिंग टीम ने चार विकेट खोकर 104 रनों का लक्ष्य निर्धारित किया। टीचिंग टीम के लिए सुनील जाधव ने सर्वाधिक 56 रनों की पारी खेली। गेंदबाजी में नॉन टीचिंग टीम से प्रमोद कुमार ने 15 रन देकर दो विकेट व अश्वनी मनचंदा ने 16 रन देकर दो विकेट ली। जवाब में नॉन टीचिंग टीम ने तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। सतबीर ने सर्वाधिक 46 व प्रमोद ने 28 रनों की पारी खेली। लड़कों की 100 मीटर दौड़ में अमन विजेता रहे। दूसरा व तीसरा स्थान क्रमशः स्टैफी मान और अनिल का रहा। 200 मीटर व 400 मीटर दौड़ भी अमन ने बाजी मारी। 800 मीटर मुकाबले में अमन पहले, सचिन दूसरे व प्रवीण तीसरे स्थान पर रहे। 4 गुणा 400 रिले में अनिल, स्टैफी, प्रवीण व पवन की टीम विजेता रही। दूसरे स्थान पर अमन, अंकित, सचिन व दीपक की टीम रही। डिस्कस थ्रो में प्रवीण विजेता रहे। लड़कों की 3000 मीटर दौड़ में अमनदीप विजेता रहे।

Hindustan Hindi (24.04.2016)

# वार्षिक खेलों में कृष्णा अमन बने तेज धावक

फरीदाबाद | हमारे संवाददाता

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में चल रहा दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव शनिवार को समाप्त हो गया। लड़कियों के सौ मीटर दौड़ में कृष्णा और लड़कों के ग्रुप में अमन सबसे तेज धावक रहे, जबकि क्रिकेट में नॉन टीचिंग स्टाफ ने मैच जीता। इस मौके पर मुख्यअतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुल सचिव संजय कुमार शर्मा मौजूद थे।

लड़कियों के 100 मीटर दौड़ में कृष्णा ने बाजी मारी, जबकि दूसरे स्थान आशा और तीसरे स्थान पर संध्या रही। लड़कों ग्रुप में अमन प्रथम, स्टेफी मान द्वितीय और अनिल तीसरे स्थान पर रहे।

लड़कियों के 200 मीटर दौड़ में कमल कादियान प्रथम, आशा द्वितीय और संध्या तीसरे स्थान पर रही। लड़कों के ग्रुप में अमन प्रथम, प्रवीण द्वितीय और गुरमीत तीसरे स्थान पर रहे। लड़कियों के 400 मीटर दौड़ में कृष्णा प्रथम, कमल कादिया द्वितीय और आशा तीसरे स्थान पर रही। जबकि लड़कों के ग्रुप में अमन प्रथम, प्रवीण द्वितीय और सचिन तीसरे स्थान पर रहे। लड़कों के 800 मीटर दौड़ में अमन प्रथम, सचिन द्वितीय और प्रवीण तीसरे स्थान पर रहे, जबकि 3000 मीटर दौड़ में अमनदीप प्रथम, अमन द्वितीय और नवीन तृतीय स्थान पर रहे।

लड़कियों के 4 गुणा 400 रिले दौड़ में कोमल, आशा, प्रियंका व मनीषा की टीम प्रथम रही, जबकि दूसरे स्थान कृष्णा, संध्या, प्रीति व खुशी की टीम रही। तीसरे स्थान पर सोनालिका, श्रुति, पूजा व दिव्या बंसल की टीम रही। जबकि लड़कों के ग्रुप में 4 गुणा 400 रिले में अनिल, स्टेफी, प्रवीण व पवन की टीम ने बाजी मारी। जबकि दूसरे स्थान पर अमन, अंकित, सचिन व दीपक की टीम रही। लड़कियों के लांग जंप में आशा प्रथम, कमला द्वितीय और स्वाति तीसरे स्थान पर रही। लड़कों के ग्रुप में अश्वनी प्रथम, प्रवीण द्वितीय और दिनेश तीसरे स्थान पर रहे। लड़कियों के शॉटपुट मुकाबले में कृष्णा प्रथम, प्रियंका द्वितीय और आशा तीसरे स्थान पर रही।

डिस्कस थ्रो में पहला स्थान पूजा, दूसरा आशा तथा तीसरा प्रियंका का रहा, जबकि लड़कों के ग्रुप में प्रवीण प्रथम दीपक द्वितीय, रोहित तीसरे स्थान पर रहे।

वहीं, क्रिकेट का मुकाबला नॉन टीचिंग और टीचिंग स्टाफ के बीच खेला गया। इसमें नॉन टीचिंग स्टाफ ने बाजी मारी। इस मौके पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. एसके अग्रवाल, खेल अधिकारी डॉ. भास्कर नागर, कपिल कुमार चावलिया और आशा बिश्नोई मौजूद रही।

## नॉन टीचिंग स्टाफ जीता

नॉन टीचिंग और टीचिंग स्टाफ के बीच 10-10 ओवर के रोचक क्रिकेट मुकाबले हुए। टीचिंग स्टॉफ की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट के नुकसान पर 104 रन बनाए। टीम की ओर से सुनील जाधव ने सर्वाधिक 56 रन बनाए। उनके अलावा कोई अन्य खिलाड़ी अधिक देर तक क्रीच पर नहीं टीक सके। नॉन टीचिंग स्टाफ की ओर से प्रमोद और अश्वनी ने गेंदबाजी करते हुए दो-दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए नॉन टीचिंग स्टाफ ने मात्र तीन विकेट खोकर मैच को अपने कब्जे में कर लिया। टीम की ओर से सतबीर ने सर्वाधिक 46 व प्रमोद ने 28 रनों की पारी खेली।

**Navbharat Times (24.04.2016)**

# वाईएमसीए के अमन और कृष्णा बने सर्वश्रेष्ठ एथलीट

■ वस, फरीदाबाद

**वाईएमसीए विज्ञान** एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी का दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव शनिवार को संपन्न हो गया। इसमें क्रिकेट, बैडमिंटन व एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं हुईं। लड़कों के वर्ग में अमन व लड़कियों में कृष्णा को सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुना गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ रजिस्ट्रार डॉ. संजय कुमार शर्मा ने किया। उन्होंने प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. एसके अग्रवाल तथा खेल अधिकारी डॉ. भास्कर नागर भी उपस्थित थे।

टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ के बीच क्रिकेट मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए टीचिंग टीम ने चार विकेट खोकर 104 रन बनाए। जवाब में नॉन टीचिंग टीम ने तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

Shiv Kumar



**वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में खेल उत्सव के विजेताओं को पुरस्कार दिया गया**

लड़कों के 100 मीटर दौड़ के मुकाबले में अमन विजेता रहे।

200 मीटर व 400 मीटर दौड़ भी अमन ने जीती। 800 मीटर मुकाबले में भी अमन पहले, सचिन दूसरे व प्रवीण तीसरे स्थान पर रहे। 4 गुणा 400 रिले में अनिल, स्टैफी, प्रवीण व पवन की टीम विजेता रही। शॉटपुट में अश्वनी विजेता रहे। डिस्कस थ्रो में प्रवीण विजेता रहे। लड़कों की 3000 मीटर दौड़ में अमनदीप विजेता रहे। लड़कियों के मुकाबलों में 100 मीटर फर्राटा दौड़ में कृष्णा विजेता रहीं। 200 मीटर दौड़ में कमल कादियान, 400 मीटर दौड़ में कृष्णा और 4 गुणा 400 रिले में कोमल, आशा, प्रियंका व मनीषा की टीम विजेता रही। लॉन्ग जंप में आशा, शॉटपुट में कृष्णा विजेता रहीं। डिस्कस थ्रो में पहला स्थान पूजा, दूसरा आशा तथा तीसरा प्रियंका का रहा।